54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.3°c अधिकतम 33.0 °c

**|| अमृतवाणी ||**
सत्पुरुषों की महानता उनके अंतःकरण में होती है, न कि लोगों की प्रशंसा में।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:58, सूर्यास्त - 6:38 | वर्ष : 54/ अंक : 244 | शुक्रवार, 04 सितम्बर 2026 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, अष्टमी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

भाजपा बना रही है भ्रष्टाचार के एक्सप्रेसवे, 60 प्रतिशत धन कमीशन में जा रहा है : अखिलेश यादव



और कमीशन कहाँ जा रहा है?...

# आए दिन अस्पतालों में मारपीट करने लगे मरीजों के तीमारदार, यूं तो आपातकाल में मरीजों को डॉक्टर भर्ती करने से करने लगेंगे इंकार

**▶ पचास वर्ष पुराने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय गुप्ता के यहां महिला की मौत के बाद मरीज के तीमारदारों ने की मारपीट**





**मुजफ्फरनगर, 3 सितंबर (बु.)।** अब मरीज के तीमारदारों ने एक नया फॉमूर्ला अपना लिया है। गंभीर अवस्था में पहले डॉक्टरों से मिन्नतें करके अपने मरीजों को भर्ती कराया जाता है और मरीजों के उपचार दौरान मौत हो जाने के बाद किसी भी संगठन के 20-25 कार्यकर्ता बुलाकर अस्पताल के बाहर हंगामा शुरू कर दिया जाता है। गुरूवार को तो मरीज के तीमारदारों ने उस समय सारी हदें पार कर दी जब 50 वर्ष पुराने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय गुप्ता के महावीर चौक स्थित हॉस्पिटल में चरथावल की रहने वाली 60 वर्षीय शीला पत्नी रोहताश को गंभीरावस्था में भर्ती कराया गया, मगर उपचार देने से पहले ही शीला देवी की मौत हो गयी। बस फिर क्या था परिजनों ने हंगामा करते हुए डॉ. अजय गुप्ता के हॉस्पिटल के स्टाफ के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट कर दी। मारपीट के बाद जब पुलिस को डॉक्टर अजय गुप्ता ने सूचना दी तो मरीज के परिजनों ने यह आरोप लगा दिया कि डॉक्टर के देर से आने के कारण शीला की मौत हुई है, जबकि वीडियो कैमरे में डॉक्टर मरीज को उपचार देने के लिए ठीक 16 मिनट बाद पहुंच गए थे। हंगामा करते हुए मृतका के परिजनों ने किसी संगठन के 20-25 लोग बुलाए और अस्पताल के बाहर ही सड़क पर धरना दे दिया। अपनी छवि बचाने के लिए आखिर डॉक्टर अजय गुप्ता व उनके बेटे नितिन गुप्ता को समझौता करना पड़ा। डॉक्टर अजय गुप्ता ने बताया कि यदि डॉक्टर नितिन की किसी प्रकार की कोई गलती हो तो सबकुछ सीसीटीवी कैमरे में देखा जा सकता है, मगर मुजफ्फरनगर में हालात ऐसे हो चुके हैं कि इमरजेंसी में मरीज को भर्ती करने में अब डर लगने लगा है। यदि मुजफ्फरनगर का यही हाल रहा तो जल्द ही मुजफ्फरनगर के डॉक्टर गंभीर मरीजों को भर्ती क्करने का रिस्क लेना बंद कर देंगे।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मंदिर रोशनी से जगमगाए

**मुजफ्फरनगर, 3 सितंबर (बु.)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के आयोजनों के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। नगर समेत जिले भर में तमाम मंदिरों को सजा दिया गया है। रंगबिरंगी रोशनी में चमकते मंदिर कान्हा ने आगमन की तैयारी में प्रतीक्षारत हैं। इसके साथ ही कल (आज) जन्माष्टमी पर कान्हा को झूला झूलाने, पूजा और अन्य आयोजनों की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर तमाम तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। एक दिन पूर्व ही तमाम मंदिर बाल कृष्ण के आगमन के लिए रंग बिरंगी रोशनी में नहाकर तैयार हैं। पुलिस लाइन रंग बिरंगी रोशनी में नहाई हुई है। भरतिया कॉलोनी स्थित गणपति खाटू श्याम मंदिर में विशेष सज्जा आर्कषण का केंद्र बनी है। गांधी कॉलोनी के श्री श्री गोलोक गोपेश्वर तीर्थ में फूल बंगला सजाया गया है। मंदिर की सज्जा दर्शनीय बनी है। नदी घाट स्थिति मंदिर तथा शनिधाम पर विशेष सज्जा की गई है। पचेंडा रोड स्थित सालासर बाला जी धाम के अलावा संकीर्तन भवन नई मंडी, साकेत, सुभाषनगर, नुमाइश कैंप और अन्य स्थानों पर मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है। आज से ही वहां दर्शन के लिए लोगों के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर इन तमाम मंदिरों में रामडोल सजाने के साथ विशेष आयोजन किए जाएंगे।

**आज बाल कृष्ण के स्वागत के लिए घर से लेकर मंदिरों तक तैयारी**

### आज जन्माष्टमी पर विशेष योग

कृष्ण जन्माष्टमी 4 सितंबर को शुक्रवार (आज) को मनाई जाएगी। गृहस्थ और वैष्णव संप्रदाय दोनों के लिए जन्माष्टमी का व्रत और जन्मोत्सव इसी दिन पड़ रहा है। इससे 4 और 5 सितंबर को लेकर बनी तारीख की असमंजस की स्थिति भी खत्म हो गई है। पंडित ब्रज बिहारी अत्री के अनुसार, जन्माष्टमी तय करने में सिर्फ अष्टमी तिथि देखना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि जन्म के माने जाने वाले मध्यरात्रि समय में अष्टमी तिथि का रहना जरूरी होता है। पंचांग गणना के मुताबिक, भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 4 सितंबर की भोर 2:25 बजे से शुरू होकर 5 सितंबर की रात 12:13 बजे तक रहेगी। यानी 4 सितंबर की मध्यरात्रि में अष्टमी तिथि रहेगी। इसी वजह से जन्माष्टमी का व्रत और भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य उत्सव 4 सितंबर को ही मनाया जाएगा। 4 सितंबर को दिन की शुरूआत हर्षण योग में होगी, जो दोपहर 3 बजकर 44 मिनट तक रहेगा। इसके बाद वज्र योग शुरू होगा। यह 5 सितंबर को दोपहर 12 बजकर 47 मिनट तक रहेगा। नक्षत्र की बात करें, तो 4 सितंबर को रात 11 बजकर 4 मिनट तक रोहिणी नक्षत्र रहेगा। इसके बाद मृगशिरा नक्षत्र लग जाएगा। यानी भगवान श्रीकृष्ण की जन्म पूजा के निर्धारित मध्यरात्रि समय में मृगशिरा नक्षत्र और वज्र योग का संयोग रहेगा।



गणपति धाम

# मल्हूपुरा में पांच दिन में तीन मौतें होने से परिवार में कोहराम

**मुजफ्फरनगर, 3 सितंबर (बु.)।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मौहल्ला मल्हूपुरा निवासी एक गरीब परिवार पर नीलगाय के कारण हुए सड़क हादसे ने कहर बरपा दिया। हादसे में घायल पिता व दो बेटों की पांच दिन के भीतर अलग- अलग दिन मौत हो गयी। दोनों बेटे 29 अगस्त को अपने बीमार पिता को दवाई दिलाने के लिए चरथावल जा रहे थे। हादसे से परिवार पर मातम पसर गया है। बताया जाता है कि 29 अगस्त की सुबह मल्हूपुरा का रहने वाला करीब 80 वर्षीय अशफाक अपने दोनों बेटों 38 वर्षीय मोहम्मद नाहिद और 35 वर्षीय मोहम्मद साजिद के साथ स्कूटी से चरथावल दवाई लेने जा रहे थे। जैसे ही वे दधेडू पार कर राजवाहे की पुलिया के पास पहुंचे, तभी जंगल की ओर से अचानक निकली नीलगाय सड़क पर आ गई। नीलगाय से स्कूटी की जोरदार टक्कर हो गई, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तीनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के कारण मौहम्मद साजिद को मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया था, लेकिन 30 अगस्त को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। एक बेटे की मौत के सदमे से परिवार उबर भी नहीं पाया था कि 1 सितंबर को मौहम्मद नाहिद की भी शहर के एक अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। यह क्रम यहीं नहीं रुका। हादसे में घायल बुजुर्ग पिता अशफाक ने भी 2 सितम्बर को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। 5 दिन के अंदर परिवार के तीन लोगों की मौत से एक तरफ जहां परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है, वहीं बच्चों के सिर से पिता का साया भी उठ गया है।

# भाजपा पश्चिम क्षेत्र की टीम में मुजफ्फरनगर से पांच चेहरे शामिल

**प्रदीप सैनी उपाध्यक्ष, रुपेंद्र सैनी महामंत्री, नितिन मलिक व सुखविंदर सोम मंत्री तथा रोहिल वाल्मीकि कार्यकारिणी सदस्य बनाए**

**मुजफ्फरनगर, 3 सितंबर (बु.)।** भाजपा ने गुरुवार देर शाम पश्चिम की क्षेत्रीय कार्यसमिति की घोषणा कर दी है। 24 पदाधिकारियों और 13 सदस्यों कुल 37 लोगों की कार्यसमिति में हर वर्ग, जाति को साधते हुए नामों का चयन किया गया है। इस टीम में मुजफ्फररनगर से प्रदीप सैनी उपाध्यक्ष, रुपेंद्र सैनी महामंत्री, नितिन मलिक व सुखविंदर सोम मंत्री तथा रोहिल वाल्मीकि कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं। इसमें सामान्य वर्ग से लेकर पिछड़ा, अति पिछड़ा और दलितों को स्थान दिया है। वैश्य, ठाकुर, ब्राहमण, गुर्जर और विभिन्न वर्गों से नामों को लिस्ट में जगह मिली है। वहीं मेरठ महानगर की टीम से आउट होने वाले नामों को भी लिस्ट में स्थान दिया गया है। कुछ नाम ऐसे हैं जिनको किसी अन्य दायित्व के लिए लखनऊ से दिल्ली तक की सिफारिश की गई थी, जो सूची देखकर पूरी सफल होती नजर नहीं आई। पश्चिम में भाजपा की स्पेशल 37 की टीम में 10 क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, 4 क्षेत्रीय महामंत्री, 10 क्षेत्रीय मंत्री, 13 क्षेत्रीय सदस्य बनाए गए हैं। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पर विनोद त्यागी, मानसिंह गोस्वामी, हरेंद्र जाटव, प्रवीण मित्तल, बिजेंद्र कश्यप, अंकुर राणा, राजीव सिसोदिया, प्रदीप सैनी, विनोद चौधरी, सुभाष वाल्मीकि को बनाया गया है। क्षेत्रीय महामंत्री अशोक मोंगा, हरीश सिंह, संजीव सिक्का गोयल, रुपेंद्र सैनी को बनाया गया है। क्षेत्रीय मंत्री अजय भारद्वाज भराला, कुमुदिनी चौधरी सैनी, हरजिंदर कौर, सुखविंदर सोम, नितिन मलिक, महेश बाली, दीपक रिषि गौड़, वरुण गोयल, सौरव पाल लोधी, आयुष पवार का नाम है। सदस्यों में मनोज शर्मा, गीता शर्मा, नितिन शर्मा, राजे कसाना, रवीना सिंह, कृष्ण चंद सैनी, रोहिल वाल्मीकि, हरमीत बख्शी, हेमंत लोधी, ललित गर्ग मोदी, संजय राणा, सतेंद्र चौधरी और राजीव लोचन प्रजापति का नाम है।



काली नदी रोड



हनुमान मंदिर

### छप्पन भोग से होगा कान्हा का स्वागत

**मुजफ्फरनगर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर श्रद्धालु व्रत रखेंगे और मध्य रात्रि को जन्मोत्सव के बाद ही व्रत खोला जाएगा। ऐसे में घरों में इस अवसर पर व्रत और बालकृष्ण को भोग लगाने के लिए तमाम व्यंजन बनाए जा रहे हैं। बाजार में छप्पन भोग की थाली से लेकर व्रत के व्यंजन भी जमकर बिक रहे हैं। इसमें चौलाई के लड्डू, गोंद की पंजीरी, मेवा के लड्डू, लौकी की लौज, काजू बर्फी व पोस्त की पंजीरी खास हैं। व्रत के लिए तमाम तरह की नमकीन भी बाजार में उपलब्ध हैं। इसके साथ घरों में भी इन व्यंजनों को बनाने की तैयारी चल रही है।












# श्री श्री गोलोक धाम में भव्य फूल बंगले में सजे राधा माधव सरकार

## देसी और विदेशी फूलों से श्रंगार के साथ अलोकिक दर्शन को उमड़े श्रद्धालु



## विशेष पूजा अर्चना और आरती के साथ जन्माष्टमी महोत्सव प्रारंभ हुआ, रंग बिरंगी रोशनी में नहाए मंदिर प्रांगण में गूंजा श्याम-श्याम नाम संकीर्तन

**मुजफ्फरनगर, 3 सितंबर (बु.)।** गांधी कॉलोनी स्थित श्री श्री गोलोक धाम के 34वें पाटोत्सव की श्रंखला में आज भव्य फूल बंगला सजाया गया। विदेश व देशी फूलों से राधा माधव का अद्भुत श्रंगार अलौकिक छवि प्रस्तुत करता नजर आया। इस अवसर पर विशेष पूजा व आरती का आयोजन किया गया। श्री श्री गोलोक धाम गांधी कॉलोनी के पाटोत्सव की श्रंखला में आज से जन्माष्टमी के आयोजन शुरू हो गए। इस अवसर पर जहां मंदिर को भव्य ढंग से सजाया गया है। वहीं श्यामा-श्याम जी का भव्य फूल बंगला आज सजकर तैयार हो गया। देसी और विदेशी फूलों से भव्य ढंग से सजाए गए फूल बंगले में महकते राधा माधव सरकार अलौकिक छवि के साथ आकर्षित करते नजर आए। इस अवसर पर विशेष पूजा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य यजमान के रूप में पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, पूजा दुआ, समाजसेवी तथा वरिष्ठ भाजपा नेता ममता अग्रवाल, श्रेय गोयल श्रवण ज्वैलर्स सपत्नीक, अजय ग्रोवर, संजय सक्सेना, सतीश कुकरेजा, विभोर सिंघल, मीनू नारंग, लोकेंद्र जी, रितेश नागपाल पेंट वाले, रितेश नागपाल, प्रशांत मक्कड, टोनी बाठला उपस्थित रहे। पूजा के साथ राधा कृष्ण नाम संकीर्तन से मंदिर प्रांगण भक्ति रस में सराबोर नजर आया। भैया राजेंद्र नारंग के साथ तमाम श्याम चरण अनुरागी इस भजन संध्या में उपस्थित रहे। आयोजन में मंदिर समिति के सतीश सेठी, राजकुमार अरोरा, ब्रज मोहन बाठला, पवन छाबड़ा, किशन ठकराल, सुमित




छाबड़ा, नरेश नंदन, नरेश अरोरा, सुरेश छाबड़ा, प्रमोद गौतम, श्याम जसूजा, ऋषि आहूजा, रमन जलोत्रा, प्रमोद गौतम, अंकुर सुनेजा, राजू समेत बड़ी संख्या में समाज के लोगों का योगदान रहा। तमाम श्रद्धालुओं के घरों से लड्डू गोपाल विशेष सज्जा के साथ मंदिर में स्थापित किए गए हैं। आज सजाया गया फूल बंगला कल जन्माष्टमी पर भी श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुला रहेगा। मध्य रात्रि जन्मोत्सव के समय ठाकुर जी का पंच स्नान और आरती व प्रसाद वितरण होगा।




# सिटी चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**मुजफ्फरनगर, 03 सितम्बर (बुस.)।** सिटी चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल, इंदिरा कॉलोनी में विद्यालय परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा नन्हे-मुन्ने बच्चों ने श्रीकृष्ण, राधा, यशोदा एवं सुदामा के मनमोहक स्वरूप में उपस्थित होकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियों, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने मटकी सजावट एवं विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय परिसर में भक्ति गीतों और जयकारों से वातावरण कृष्णमय हो गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नीलू त्यागी ने सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों को अपनी भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं संस्कारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं शशि सोनकर, शिखा सिसोदिया, प्रीति सूद, प्रियंका धीमान, शैली त्यागी, वासु धीमान, कोमल, आंचल एवं विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।




# फर्जी अस्पतालों पर कार्रवाई की मांग, हिंदू संगठन के लोग भाकियू अध्यक्ष से मिले

**मुजफ्फरनगर, 03 सितम्बर (बुस.)।** नगर में फर्जी अस्पतालों और अवैध चिकित्सा केंद्रों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता सिसौली पहुंचे। उन्होंने भारतीय किसान यूनियन अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत से मुलाकात कर फर्जी अस्पतालों और उनके खिलाफ चल रही कार्रवाई का मामला सामने रखा। हिंदू संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि कुछ अस्पतालों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई को प्रभावित करने के लिए किसान संगठनों से जुड़े कुछ लोगों की ओर से कथित तौर पर सिफारिश किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं। संगठनों ने कहा कि अस्पतालों के संचालन में नियमों और निर्धारित मानकों का पालन जरूरी है और कार्रवाई किसी भी दबाव में नहीं रुकनी चाहिए। मामले को गंभीरता से लेते हुए चौधरी नरेश टिकैत ने डीएम उमेश मिश्रा से फोन पर बातचीत की। संगठन के पदाधिकारियों के अनुसार, नरेश टिकैत ने जिलाधिकारी से कहा कि नियमों के विपरीत संचालित फर्जी अस्पतालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही किसी भी प्रकार की गलत सिफारिश को स्वीकार न करने की बात कही गई। हिंदू संगठनों ने कहा कि मामला सीधे लोगों के स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ा है। इसलिए जिले में संचालित अस्पतालों और चिकित्सा केंद्रों की व्यापक जांच कराई जानी चाहिए। संगठनों का कहना है कि जो अस्पताल निर्धारित नियमों और मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ बिना किसी दबाव के कार्रवाई होनी चाहिए। मुजफ्फरनगर में हाल के दिनों में निजी अस्पतालों को लेकर शिकायतें और प्रशासनिक कार्रवाई सामने आने के बाद यह मुद्दा चर्चा में है। अब हिंदू संगठनों के सिसौली पहुंचकर नरेश टिकैत से मुलाकात करने और उनके द्वारा जिलाधिकारी से फोन पर बातचीत किए जाने के बाद मामला राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर भी चर्चा में आ गया है।



# जानसठ डीएवी कॉलेज में छात्रों के दो गुटों में विवाद, पुलिस ने पहुंचकर संभाला मामला

**जानसठ, 03 सितम्बर (बु.)।** जानसठ कस्बे के डीएवी इंटर कॉलेज में बुधवार को छात्रों के दो गुटों के बीच विवाद की सूचना मिली। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला संभाला। पुलिस के समय पर पहुंचने से छात्रों के बीच संभावित झगड़ा टल गया। कस्बा चौकी प्रभारी पंकज शर्मा पुलिस बल के साथ तुरंत कॉलेज पहुंचे। उन्होंने छात्रों के दोनों गुटों को शांत कराया और स्थिति को बिगड़ने से पहले ही संभाल लिया। चौकी प्रभारी पंकज शर्मा ने कॉलेज के प्रधानाचार्य से मामले की जानकारी ली। उन्होंने प्रधानाचार्य को छात्रों पर नियंत्रण रखने की चेतावनी दी। पुलिस ने कहा कि छात्रों के बीच होने वाली कहासुनी या गुटबाजी को गंभीरता से लिया जाए और समय रहते इसे रोकने के प्रयास किए जाएं। पुलिस ने बताया कि कॉलेज में छात्रों के बीच अक्सर विवाद की शिकायतें आती रहती हैं। छुट्टी के समय या कॉलेज परिसर के आसपास छात्रों के छोटे विवाद कई बार गंभीर रूप ले सकते हैं। इसलिए पुलिस ने कॉलेज प्रशासन को विशेष सतर्कता बरतने और भविष्य में ऐसी स्थिति न होने देने के निर्देश दिए हैं। कॉलेज के आसपास भी निगरानी रखने को कहा गया है।



# 7वां आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजा



**भोपा, 03 सितम्बर (बु.)।** युवक वंश कश्यप का अंतिम संस्कार गुरुवार को पुलिस बल की मौजूदगी में शुकतीर्थ श्मशान घाट पर किया गया। मारपीट के दौरान जान बचाने के लिए नहर में कूदे वंश की डूबने से मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने एक और फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गुरुवार सुबह जब वंश का शव भोपा गांव स्थित घर पहुंचा तो परिवार में मातम छा गया। माता मौसम देवी, बहनें कोमल, प्रीति और वंशिका रोने लगीं। वंश की अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। सामाजिक न्याय पार्टी के सुनील पांचाल, नीरज, अजय, कृष्णपाल, कुलदीप, विनोद गुर्जर, शेखर, संजीव, शंकर कश्यप और बघरा आश्रम के स्वामी यशवीर महाराज ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान उपजिलाधिकारी रश्मि लांबा, नायब तहसीलदार बृजेश कुमार और सीओ लक्ष्मण सिंह वर्मा मौजूद रहे। बुधवार दोपहर पुलिस ने रिजवान, अफजाल, साहिल उर्फ भोलू, अल्बख्श उर्फ बख्शी, सुहैल उर्फ अजूबा और एक नाबालिग को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अल्ताफ और प्रशांत निवासी बेलड़ा के नाम भी सामने आए थे। वंश का शव शाम को भोपा के पास नहर से मिला था। क्षेत्राधिकारी लक्ष्मण सिंह वर्मा ने गुरुवार को बताया कि फरार आरोपी अल्ताफ उर्फ भूरा, जो बेलड़ा का रहने वाला है, को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बाकी आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

# रोनी-हरजीपुर मार्ग पर फिर दिखा तेंदुआ, वीडियो वायरल, ग्रामीणों में दहशत

**मुजफ्फरनगर, 3 सितंबर (बु.)।** चरथावल थाना क्षेत्र के रोनी-हरजीपुर मार्ग पर देर रात तेंदुआ दिखाई देने का दावा वायरल वीडियो के आधार पर किया गया है। सड़क पर एक तेंदुआ दिखाई देने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसके बाद आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों के मुताबिक, क्षेत्र में पहले भी तेंदुआ देखे जाने की चर्चाएं सामने आती रही हैं। देर रात सड़क पर जानवर दिखाई देने के बाद ग्रामीणों में भय और बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि यदि वास्तव में क्षेत्र में तेंदुआ मौजूद है तो खेतों और रास्तों से आने-जाने वाले लोगों के लिए खतरा पैदा हो सकता है। हालांकि, वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा तेंदुआ ही है या कोई अन्य जंगली जानवर, इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि क्षेत्र में तेंदुए को लेकर अफवाहें फैलाई जा रही हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से वायरल वीडियो की जांच कराने तथा क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने की मांग की है, ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके और किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके।




# सब्जी मंडी गेट के सामने हादसा, तीन घायल

**चरथावल, 03 सितम्बर (बु.)।** चरथावल में मुजफ्फरनगर-थानाभवन मार्ग पर सब्जी मंडी गेट के सामने देर रात एक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। घायलों में से एक की हालत गंभीर थी, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद मुजफ्फरनगर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि देर रात सब्जी मंडी के गेट के सामने सड़क पर अचानक तेज आवाज सुनाई दी। लोग मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने घायलों को सड़क पर पड़ा देखा। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों की मदद की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। हादसे के कारण कुछ देर के लिए सड़क पर ट्रैफिक रुक गया था। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर ट्रैफिक फिर से शुरू कराया। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि हादसा किस वजह से हुआ। पुलिस के अनुसार, जांच पूरी होने के बाद ही हादसे की असली वजह सामने आएगी।




# एसएसके पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

**मुजफ्फरनगर, 03 सितम्बर (बुस)।** एसएसके पब्लिक स्कूल रूड़की रोड पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम स्कूल की उप-प्रधानाचार्या अनु मलिक द्वारा माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसी क्रम में विद्यालय के नर्सरी, एलकेजी व व यूकेजी के छात्र लकी, अमानीश, आयांश, वान्या, अनिष्क, जया विश्वकर्मा, खुशी, विराट आदि ने श्रीकृष्ण व राधा के विभिन्न प्रसंगों की प्रस्तुति दी। साथ ही बच्चों ने श्री कृष्ण, राधा, बलराम आदि को वेश धारण कर सभी का मनमोह लिया। इसमे मधुर, वान्या, खुशी, विराट की प्रस्तुति प्रशंसनीय रही। इसी अवसर दही हांडी की प्रस्तुति अत्यंत ही प्रशंसनीय रही। मटकी व बांसुरी तथा झूले की साज-सज्जा अत्यंत आकर्षक थी। कार्यक्रम के समापन पर दही हांडी का आयोजन किया गया, जिसमें छोटे-छोटे बच्चों द्वारा हांडी फोड़ना अत्यंत ही आकर्षक दृश्य रहा, जिसको सभी के द्वारा बहुत सराहा गया। कार्यक्रम के समापन पर उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय महासभा के प्रान्तीय अध्यक्ष व स्कूल के चेयरमैन रामप्रसाद शर्मा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यालय के स्टाफ सहित उपस्थित अभिभावकों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनायें प्रेषित की।






# शारदेन स्कूल में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व





**मुजफ्फरनगर, 03 सितम्बर (बुस.)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व शारदेन स्कूल में अत्यंत धूमधाम, भक्तिभाव और उल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर पूरे विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे फूलों और आकर्षक झांकियों से बहुत ही सुंदरता के साथ सजाया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. नीलम राय (पत्नी एसएसपी मुजफ्फरनगर) तथा विशिष्ट अतिथि तूलिका श्रीवास्तव (पत्नी एसडीएम) और नीलिमा गौतम (सचिव, मंडी समिति) द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसके बाद विद्यालय प्रबंधन ने सभी सम्मानित अतिथियों का माल्यार्पण कर और उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया। समारोह की सबसे खास प्रस्तुति माताओं और बच्चों की रही। स्कूल में यशोदा और कृष्ण थीम पर आधारित एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें माताओं ने अपने नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ मिलकर यशोदा और कान्हा के रूप में मनमोहक नृत्य पेश किया। कार्यक्रमों में अभिलाषा कपूर, साक्षी, दिव्या, सूर्यांशी चौधरी, अविराज वालिया, रुचिका चौधरी, ओम्या सिंह, रितु रानी, विद्या, श्वेता, मोनिका, दिव्या, मनीषी, अर्चना और मीनाक्षी आदि ने भाग लिया। मुख्य अतिथि डॉ. नीलम राय ने अपने संबोधन में सभी को जन्माष्टमी की बधाई दी। विद्यालय के निदेशक विश्व रत्न ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माँ ही बच्चे की पहली गुरु होती है और आज का यह कार्यक्रम केवल एक उत्सव न होकर भारतीय संस्कारों का संगम है। अंत में स्कूल की प्रधानाचार्या धारा रतन ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और अभिभावकों को जन्माष्टमी की बधाई दी और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का



# एमजी पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम, नन्हे-मुन्नों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जीता मन

**मुजफ्फरनगर, 03 सितम्बर (बुस.)।** एमजी पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर के उपलक्ष्य पर भव्य एवं मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राइमरी विंग के नन्हें विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में प्राइमरी विंग में नर्सरी, केजी से कक्षा-5 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंचीय प्रस्तुतियों में वृंदावन और बरसाना की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं की सुंदर झलक देखने को मिली। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। माता-पिता को बच्चों को समय देने और उनको मोबाइल की आदत से बचाने के लिए परिवार से जोड़ने का संदेश भी दिया। अंत में उन्होंने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। संचालन शिक्षिका वैशाली भारद्वाज ने की तथा एंकरिंग छात्र अथर्व सिंह और छात्रा शिविका भारद्वाज द्वारा की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अन्य सहयोगी स्टाफ का विशेष योगदान रहा।




## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे भाई नीरज गोयल मेरे व मेरे परिवारजनों के कहने-सुनने में नहीं है, इसलिए मैं व मेरा परिवार नीरज गोयल से किसी प्रकार का कोई सम्बन्ध नही रखना चाहता है। यदि वह किसी भी व्यक्ति से कोई लेन-देन या गैर कानूनी कार्य करता है तो उसके लिए उक्त नीरज गोयल स्वयं जिम्मेदार होगा। उसका मेरी चल- अचल सम्पत्ति से कोई मतलब-वास्ता नहीं है। भविष्य में भी मेरी किसी भी चल-अचल सम्पत्ति से उक्त नीरज गोयल का कोई मतलब- वास्ता नहीं होगा। मैंने व मेरे परिवार ने नीरज गोयल से हर प्रकार के सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं।

रूपेश कुमार पुत्र स्व0 जुगमन्दर प्रसाद
निवासी- सुमन विहार, जाट कॉलोनी, थाना- सिविल लाईन, जिला- मुजफ्फरनगर


# ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में जन्माष्टमी पर्व का आयोजन धूमधाम से संपन्न



**मुजफ्फरनगर, 03 सितम्बर (बुस.)।** स्थानीय ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में जन्माष्टमी उत्सव हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान, काउंसलर कंचन सोनी ने श्रीकृष्ण की प्रतिमा को तिलक लगाकर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। नर्सरी से कक्षा-2 तक के नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही श्री कृष्ण के जन्म से जुड़ी सुंदर झाकियां भी प्रस्तुत की गईं। राधा-कृष्ण के रूप में सजे-धजे बच्चों की झांकियाँ और नृत्य सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। इस पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान ने कहा कि यह पर्व हमें बुराई पर अच्छाई की जीत की याद दिलाता है। कार्यक्रम के अंत में हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान ने सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं व कर्मचारियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी।




संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com


# एसडी पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया जन्माष्टमी पर्व व शिक्षक दिवस

**मुजफ्फरनगर, 03 सितम्बर (बुस.)।** पटेल नगर स्थित एसडी पब्लिक स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी और शिक्षक दिवस का पर्व बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडी गर्ल्स इंटर कॉलेज की रिटायर्ड प्रिंसिपल मंजू अग्रवाल, विद्यालय की डॉयरेक्टर चंचल सक्सैना, प्रधानाचार्या भारती तिवारी, उपप्रधानाचार्य शिव कुमार शर्मा, जूनियर विंग इंचार्ज डॉ. रचना जैन, इंचार्ज शशिकांत शर्मा, एवं गीता मित्तल द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को तिलक लगाकर एवं कार्ड भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं तथा 12वीं कक्षा के बोर्ड रिजल्ट के परिणामों के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को




प्रबंधक कमेटी की तरफ से नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। डायरेक्टर चंचल सक्सैना, प्रधानाचार्या भारती तिवारी तथा मुख्य अतिथि मंजु अग्रवाल ने प्रशासनिक कर्मचारियों तथा 100 प्रतिशत उपस्थिति के लिए विशिष्ट सम्मान प्रदान किया। इसी के साथ चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को भी उनके उत्तम कार्य के लिए सम्मानित किया गया। डायरेक्टर चंचल सक्सैना ने शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए सभी के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या भारती तिवारी ने मुख्य अतिथि, विद्यालय प्रबंधन, सभी शिक्षको एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया और अपने संदेश में कहा कि एक श्रेष्ठ शिक्षक ज्ञान देता है और छात्र का जीवन बदल देता है। कार्यक्रम का सफल संचालन सीनियर विंग एक्टिविटी इंचार्ज प्रियंका सचदेवा, पूजा अग्रवाल, मिडिल विंग एक्टिविटी इंचार्ज रीतु सैनी, जूनियर विंग एक्टिविटी इंचार्ज हुमा शमीम के दिशा निर्देशन में हुआ।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर।

पत्रांक:- 1114/E-Tender/P.W.D./NPP/2026-27 दिनांक:-03/09/2026

अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2026-27 में नवीनीकृत/किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित 01 निर्माण कार्य हेतु दिनांक 11/09/2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 05/09/2026 की प्रात: 10:00 से दिनांक 11/09/2026 की अपराह्न 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक 11/09/2026 की अपराह्न 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगा। कार्य राज्य वित्त आयोग की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत है। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते हैं।

| सहायक अभियन्ता (निर्माण) | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद |
| मुजफ्फरनगर। | मुजफ्फरनगर। | मुजफ्फरनगर। |



1973-2026

सम्पादक की क़लम से

## मोदी, पेजेश्कियन और मार्को रूबियो

मोदी, पेजेश्कियन और मार्को रुबियो यानी भारत, ईरान और अमेरिका। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान की मुलाकात अमेरिका को पसंद नहीं आई है। हाल ही में एससीओ समिट के दौरान हुई इस बैठक के बाद अमेरिका ने ईरान के साथ कारोबार करने वाले देशों को धमकाने की कोशिश की है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक बयान में कहा है कि अगर कोई भी देश ईरान को अमेरिकी प्रतिबंधों से बचने या कमाई के नए रास्ते बनाने में मदद करता है, तो अमेरिका उस देश पर भी प्रतिबंध लगा देगा। अमेरिका, ईरान की गतिविधियों पर नजर रख रहा है। प्रधानमन्त्री मोदी और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान की मुलाकात ने अमेरिका को परेशान कर दिया है, मार्को रुबियो का यह बयान इस मुलाकात के बाद ही आया है। अमेरिका ने इस नसीहत से भारत के साथ-साथ अन्य देशों को भी यह संकेत दे दिया है, जबकि अमेरिका को मालूम है कि भारत उसकी सुनने वाला नहीं है, भारत पहले भी भारी-भरकम टैरिफ झेल चुका है, लेकिन झुका नहीं। एससीओ समिट से इतर बिश्केक में हुई मुलाकात के दौरान प्रधानमन्त्री मोदी और राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने भारत और ईरान के बीच सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की थी। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच समुद्री व्यापार, नाविकों की सुरक्षा और जहाजों की आवाजाही जैसे मुद्दों पर भी बात की थी। प्रधानमन्त्री ने बैठक के बाद सोशल मीडिया पर लिखा था, बिश्केक में राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान से मुलाकात हुई। ईरान के साथ भारत की पुरानी दोस्ती को अलग-अलग क्षेत्रों में और मजबूत करने के हमारे संकल्प को दोहराया। उन्होंने आगे कहा कि हम आने वाले समय में द्विपक्षीय व्यापार के दायरे को विस्तारित करना और उसमें विविधता लाना चाहते हैं। हमने क्षेत्र के मौजूदा हालात पर चर्चा की। भारत स्थायी शांति सुनिश्चित करने के मकसद से की जा रही सभी कोशिशों का समर्थन करना जारी रखेगा। अमेरिकी टीवी शो द ब्रायन किल्मीड शो में मार्को रुबियो ने यह भी कहा कि उन्हें नहीं लगता कि भारत और ईरान के बीच कोई नया व्यापार समझौता हो रहा है। रुबियो ने इस दौरान माना कि भारत एक संप्रभु देश है और उसे अपनी विदेश नीति तय करने और ईरान के साथ राजनयिक संबंध बनाए रखने का अधिकार है, लेकिन ईरान को मदद पहुंचाने की कोशिश न की जाए। अमेरिकी टीवी शो द ब्रायन किल्मीड शो में मार्को रुबियो ने यह भी कहा कि उन्हें नहीं लगता कि भारत और ईरान के बीच कोई नया व्यापार समझौता हो रहा है। रुबियो ने इस दौरान यह भी माना है कि भारत एक संप्रभु देश है और उसे अपनी विदेश नीति तय करने और ईरान के साथ राजनयिक संबंध बनाए रखने का अधिकार है, लेकिन हमारी चिंता यह है कि कोई भी देश ईरान को अमेरिकी प्रतिबंधों से बचने में मदद न करे। कोई भी देश ईरान को ऐसे रास्ते बनाने में मदद नहीं करे, जिनसे वह पैसा कमा सके और इसका इस्तेमाल कर वह आतंकवाद को बढ़ावा दे और परमाणु हथियार बनाने की कोशिश करें। रुबियो ने आगे चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई देश ऐसा करता है, तो हमें उस पर भी प्रतिबंध लगाने पड़ेंगे। रुबियो भी अच्छी तरह जानते हैं कि भले ही उनकी नसीहत को कोई और देश समझ ले लेकिन भारत अपने हितों से कोई समझौता करने वाला देश नहीं है। अमेरिका कुछ भी कहे लेकिन भारत अपनी वैश्विक मित्रता का दायरा बढ़ा रहा है। कल नयी दिल्ली में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी, बेल्जियम के प्रधानमन्त्री बार्ट डी वेवर से मिले। प्रधानमन्त्री मोदी ने बेल्जियम के प्रधानमन्त्री बार्ट डी वेवर का कल भारत में गर्मजोशी से स्वागत किया। हैदराबाद हाउस में भारत और बेल्जियम के बीच कई महत्वपूर्ण समझौतों का आदान-प्रदान हुआ। इस दौरान पीएम मोदी ने भारत-बेल्जियम के ऐतिहासिक संबंधों, रक्षा और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में बढ़ते सहयोग के साथ-साथ मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि बेल्जियम के प्रधानमन्त्री बार्ट डी वेवर की यह भारत की पहली यात्रा है, लेकिन उनका भारत से जुड़ाव काफी पुराना है। बार्ट डी वेवर लंबे समय तक एंटवर्प के मेयर रहे हैं और उन्होंने वहां रह रहे बड़े भारतीय समुदाय के साथ-साथ भारत और बेल्जियम के बीच हीरा कारोबार को लगातार समर्थन दिया है। पीएम मोदी ने यह भी बताया कि करीब 10 साल पहले उन्हें बेल्जियम की यात्रा करने का अवसर मिला था। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में दोनों देशों के बीच साझेदारी ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। कल ही सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के 66 वें सम्मेलन में प्रधानमन्त्री ने भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग की तारीफ करते हुए ग्लोबल बाजार में अपनी मौजूदगी और मजबूत करने का संदेश दिया है। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स, भारत में वाहन और इंजन निमार्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाला एक प्रमुख राष्ट्रीय गैर-लाभकारी निकाय है। यह संस्था भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग के सतत विकास, सुरक्षा मानकों और नीतियों को बढ़ावा देती है। प्रधानमन्त्री नें अपने सम्बोधन में कहा कि भारत का ऑटो उद्योग अपनी मजबूत मैन्युफैक्चरिंग क्षमता और हाल ही में हुए एफटीए यानी मुक्त व्यापार समझौतों के दम पर दुनिया के बाजारों में अपनी वैश्विक उपस्थिति को और बढ़ाने के लिए बेहद मजबूत स्थिति में है। दूसरी तरफ अपने विरुद्ध नकारात्मक प्रचार की काट करने के लिये भी भाजपा नये ढंग से सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर आने की तैयारी कर रही है, बदलाव दिख भी रहा है। प्रधानमन्त्री मोदी के जन्मदिन से शुरू हो रहे सेवा संकल्प अभियान में भाजपा इन्फ्लुएंसर्स और रील्स के जरिए युवाओं तक पहुंचने की तैयारी में है। इन्फ्लुएंसर्स को उन जगहों पर ले जाया जाएगा, जहां सरकारों के काम से बदलाव आया है। वहीं, हर शक्ति केंद्र को कम से कम 10 रील बनाने का टारगेट दिया गया है।अर्थात भाजपा का नया कैंपेन ग्राउंड पर बदलाव और मोबाइल पर उसकी कहानी के फॉर्मूले पर चलेगा। रील्स में सरकारी योजनाओं से लाभ पाने वाले वास्तविक लोगों की कहानियां दिखाई जाएंगी। कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के लाभार्थियों से संपर्क कर उनकी कहानी रिकॉर्ड करेंगे। रील में लाभार्थी का नाम, स्थान, जिला, संबंधित योजना और उससे जीवन में आए बदलाव की जानकारी भी दर्ज होगी।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'दलीलें' 'नक्सली' 'जहालत' 'झूट'

दलीलें अहमकना हैं, सवालों में हिमाकत है,
दिमागी नक्सली अब तो, जहालत पर उतर आये।
हुए हैं अक़्ल से पैदल,बने हैं झूट के पैकर,
दिमागी नक्सली अब तो, जहालत पर उतर आये।

# पूर्व आयकर अधिकारी स्व. सुरेंद्र कुमार गुप्ता की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे ज्ञानानंद जी महाराज

### – महाराजश्री से बोले अधिवक्ता अमरकांत गुप्ता—अब माता-पिता दोनों नहीं रहे, आप हमारा ध्यान रखना, मंच पर ही भावुक होकर रो पड़े










**मुजफ्फरनगर, 03 सितंबर (बु.)।** पिता चाहे 90 वर्ष के क्यों न हो जाएं, लेकिन जब वह दुनिया से विदा होते हैं तो बच्चों की आंखों से अश्रुधारा बह ही जाती है। ऐसा ही भावुक कर देने वाला दृश्य बुधवार को पचेंडा रोड स्थित बारातघर में देखने को मिला, जहां शहर के गणमान्य लोगों ने पूर्व आयकर अधिकारी एवं जियो गीता श्रीकृष्ण कृपा परिवार मुजफ्फरनगर के संरक्षक स्व. सुरेंद्र कुमार गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व. सुरेंद्र कुमार गुप्ता को श्रद्धांजलि देने के लिए विश्वविख्यात ज्ञानानंद जी महाराज स्वयं पहुंचे। महाराजश्री ने अपने शिष्य को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्व. सुरेंद्र गुप्ता से उनका करीब 30 वर्षों का परिचय था। बीमारी के दौरान गुरु पूर्णिमा पर वह आश्रम नहीं पहुंच सके थे, लेकिन महाराजश्री स्वयं उन्हें देखने के लिए उनके घर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि पुण्य कर्मों की पहचान यही है कि व्यक्ति को जीवन के अंतिम समय में अधिक कष्ट न भोगना पड़े। उन्होंने कहा कि स्व. सुरेंद्र गुप्ता को न अस्पताल में भर्ती होना पड़ा और न ही उन्होंने अधिक कष्ट सहा तथा सहज रूप से जीवन का त्याग किया। महाराजश्री ने इसे उनके सत्कर्मों का फल बताते हुए कहा कि यही सत्कर्मों की पहचान है कि व्यक्ति को सहज रूप से मुक्ति प्राप्त हो। श्रद्धांजलि सभा में स्व. सुरेंद्र कुमार गुप्ता के बड़े पुत्र अधिवक्ता अमरकांत गुप्ता ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इसी दौरान उन्होंने महाराजश्री से भावुक होकर कहा कि अब माता भी नहीं रही और पिता भी नहीं रहे। आप ही हमारे परिवार के बड़े हैं, हमेशा हमारे परिवार का ध्यान रखना। इतना कहते ही अधिवक्ता अमरकांत गुप्ता भावुक हो गए और मंच पर ही उनकी आंखों से अश्रुधारा बह निकली। भावुक माहौल में मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं। गौरतलब है कि शहर के पटेलनगर निवासी एवं पूर्व आयकर अधिकारी तथा जियो गीता श्रीकृष्ण कृपा परिवार मुजफ्फरनगर के संरक्षक सुरेंद्र कुमार गुप्ता का गुरुवार 24 अगस्त को 87 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी। स्व. श्री गुप्ता अपने पीछे दो पुत्र अमरकांत गुप्ता एवं समरकांत गुप्ता सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। स्व. सुरेंद्र कुमार गुप्ता का पूरा जीवन अनुशासन, सादगी और सामाजिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने अपने सेवाकाल के दौरान कर्तव्यनिष्ठा के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। सेवानिवृत्ति के बाद भी उनका व्यवहार और सामाजिक जीवन लोगों के बीच सम्मान का विषय रहा। उन्होंने अपने दोनों पुत्रों को भी अनुशासन, संस्कार और मेहनत का महत्व सिखाया। बड़े पुत्र अमरकांत गुप्ता आयकर विभाग एवं जीएसटी से जुड़े अधिवक्ता के रूप में सेवाएं दे रहे हैं, जबकि दूसरे पुत्र समरकांत गुप्ता जीवन बीमा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। दोनों पुत्रों के संस्कारों और व्यवहार में पिता द्वारा दिए गए अनुशासन एवं जीवन मूल्यों की झलक स्पष्ट दिखाई देती है। श्रद्धांजलि सभा में परिवार के साथ-साथ शहर के गणमान्य नागरिकों, परिचितों और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने पहुंचकर स्व. सुरेंद्र कुमार गुप्ता को पुष्पांजलि अर्पित की। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। इस अवसर पर मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान, पूर्व विधायक उमेश मलिक, मानव सेवा संघ से कन्हैया लाल, श्याम लाल जी, मित्र संघ, शिशुकांत गर्ग एडवोकेट, प्रेम प्रकाश अरोरा, सुरेन्द्र अग्रवाल, डॉ. मनोज काबरा, डॉ. प्रेम सिंह, डॉ. प्रदीप शांतिमदन, डॉ. पवन काबरा, नीरज काबरा, एड. आरके मलिक, एड. सुरेश चन्द्र अग्रवाल, एड. एमएम बत्रा, संजीव मित्तल एड, सुखदेव मित्तल एड, अनिल सोबती, महेन्द्र कुमार पैट्रोल पम्प वाले, अमर कांत गुप्ता, डॉ. निशा गुप्ता, सार्थक गुप्ता, जगाधरी से शिवरंजन एडवोकेट, डॉ. महेन्द्र रूड़की से, एड सुरेश चन्द अग्रवाल, एड धमेन्द्र तायल, पूर्व एडशिनल कमिशनर अरविन्द श्रीवास्तव, पूर्व कमिश्नर एके त्यागी, पूर्व कमिश्नर बिशम्बर दयाल, अशोक डूडा, राकेश गोयल के.संस, राहुल गोयल व्यापारी नेता, कुल भूषण बजाज, ओडी शर्मा एलआईसी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# 15.48 लाख की जमीन डील में बड़ा खेल

### – नगर में जमीन बेची, पैसे लिए फिर उसी जमीन को दोबारा बेच दिया, एसएसपी से मांगा न्याय






**मुजफ्फरनगर, 03 सितम्बर (बुस.)।** नगर के गांव पुरबालियान में जमीन के सौदे को लेकर कथित फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि करीब 15 लाख 48 हजार रुपए में जमीन का सौदा करने के बाद आरोपियों ने जमीन का बैनामा कराने के बावजूद कथित तौर पर उसी जमीन को किसी दूसरे व्यक्ति को बेच दिया। पीड़ित का आरोप है कि मामले की थाना पुलिस और सीओ स्तर से जांच भी हो चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। कार्रवाई न होने से परेशान पीड़ित खालिद शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे पूरे परिवार समेत हाथों में स्लोगन लिखे पोस्टर के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचा और एसएसपी से मिलकर पूरे मामले की शिकायत की। पीड़ित ने जमीन की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और उसका पैसा अथवा जमीन वापस दिलाने की मांग की है। शिकायतकर्ता खालिद पुत्र चांदू निवासी गांव पुरबालियान के अनुसार, वर्ष 2022 में उसने गांव के कुछ लोगों से कृषि भूमि का सौदा किया था। शिकायत में आरोप लगाया गया कि जमीन का सौदा 15 लाख 48 हजार रुपये में तय हुआ था। उसने करीब 9 लाख 98 हजार रुपये ऑनलाइन माध्यम से और 5 लाख 50 हजार रुपये नकद आरोपियों को दिए थे। शिकायतकर्ता के अनुसार चक नंबर 1380 की करीब तीन बीघा कृषि भूमि का बैनामा एक फरवरी 2022 को उसकी भाभी सकीला पत्नी महबूब के नाम कराया गया था। बाकी तय जमीन का बैनामा उसके नाम होना था, लेकिन इसके बाद आरोपी जमीन का बैनामा करने में टालमटोल करने लगे। पीड़ित का आरोप है कि जिस जमीन का बैनामा उसकी भाभी सकीला के नाम कराया गया था, उसी जमीन को बाद में कथित तौर पर फर्जीवाड़ा कर किसी दूसरे व्यक्ति को बेच दिया गया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि प्रकरण में शामिल इरफान कथित फर्जीवाड़े के बाद दुबई चला गया है। पीड़ित का कहना है कि उसने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस और अधिकारियों से की थी। थाना स्तर और सीओ खतौली द्वारा मामले की जांच किए जाने का भी दावा किया गया, लेकिन अब तक किसी आरोपी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने मांग की कि चक नंबर 1380 के बैनामे और उसके बाद हुए कथित भूमि सौदे की जांच कराई जाए। साथ ही उसके अनुसार बची हुई जमीन का बैनामा कराया जाए या फिर उसके द्वारा दी गई रकम वापस दिलाई जाए। पीड़ित ने यह भी मांग की कि उसकी भाभी सकीला के नाम पहले हुए बैनामे से संबंधित पूरे प्रकरण की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए।

## पुलिस चौकी से 200 मीटर दूर ट्यूबवेल में फिर चोरी



**चरथावल, 03 सितम्बर (बु.)।** नगर के बुढ़ाना मोड़ चौकी क्षेत्र में एक ट्यूबवेल को चोरों ने फिर निशाना बनाया है। यह ट्यूबवेल पुलिस चौकी से सिर्फ 200 मीटर दूर है। दधेडू खुर्द निवासी किसान सोहराब के इस ट्यूबवेल से चोर मोटर, बिजली की केबल और अन्य सामान चोरी कर ले गए। करीब एक महीने पहले भी इसी ट्यूबवेल में चोरी हुई थी। अब दूसरी बार हुई इस घटना में चोर लगभग 20 हजार रुपये का सामान लेकर फरार हो गए। एक ही ट्यूबवेल में लगातार दूसरी बार चोरी होने से किसान सोहराब में गुस्सा है। पीड़ित किसान सोहराब ने पुलिस को शिकायत दी है। उन्होंने चोरी का खुलासा करने और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस चौकी के इतने करीब लगातार चोरी की घटनाओं से बुढ़ाना मोड़ चौकी की पुलिसिंग पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय किसानों का कहना है कि अगर चौकी के पास ही चोर बेखौफ होकर वारदात कर रहे हैं, तो खेतों और ट्यूबवेलों की सुरक्षा पर सवाल उठना सामान्य है। किसानों ने चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने और रात में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

आवश्यकता है
सैनेट्री की दुकान पर कम्प्यूटर के कार्य हेतु एक लड़के की।
संगम बाथ पैलेस
90 बी, वकील रोड, नई दिल्ली
सम्पर्क करें-
9358911194

## 24% ब्याज का लालच देकर मजदूर के 4 लाख फंसाए, फर्जी निवेश कंपनी के खिलाफ एसएसपी से की शिकायत



**मुजफ्फरनगर, 03 सितम्बर (बु.)।** नगर में 24 प्रतिशत ब्याज का लालच देकर एक मजदूर से 4 लाख रुपये निवेश कराने और बाद में रकम वापस नहीं करने का आरोप सामने आया है। खालापार थाना क्षेत्र के किदवईनगर निवासी प्रवेज पुत्र अनवर ने कुछ लोगों पर कथित फर्जी निवेश कंपनी के नाम पर अपनी मेहनत की कमाई फंसाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे पुलिस कार्यालय पहुंचकर एसएसपी को प्रार्थना-पत्र देते हुए मामले की जांच और आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। किदवईनगर निवासी प्रवेज मजदूरी करता है। उसका आरोप है कि रिहान पुत्र इकराम और नबील पुत्र हाफिज शाहिद ने कथित तौर पर एक कंपनी के माध्यम से निवेश कराने का झांसा दिया। पीड़ित के अनुसार आरोपितों ने उसे रकम लगाने के लिए कहा। प्रवेज का आरोप है कि उसे निवेश की रकम पर 24 प्रतिशत ब्याज देने का भरोसा दिलाया गया। इसके बाद उसने एक जनवरी 2025 को आरोपितों के बताए खातों और आईडी पर कुल 4 लाख रुपये की रकम निवेश कर दी। पीड़ित के मुताबिक उसे भरोसा दिया गया था कि छह महीने बाद उसकी मूल रकम ब्याज समेत वापस कर दी जाएगी। आरोप है कि तय समय बीतने के बाद जब उसने अपनी रकम वापस मांगी तो उसे कथित तौर पर लगातार टाला जाने लगा। प्रवेज ने आरोप लगाया कि संबंधित लोग भोले-भाले और कम पढ़े-लिखे लोगों को ज्यादा ब्याज और मोटे मुनाफे का लालच देकर निवेश के जाल में फंसाते हैं और उनकी रकम हड़प लेते हैं। पीड़ित अब मामले को लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंचा और प्रार्थना-पत्र देकर थाना खालापार पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने तथा आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश देने की मांग की।

# मारपीट के बाद गाय की मृत्यु, विवाद गहराया

**शाहपुर, 03 सितम्बर (बु.)।** क्षेत्र के गांव बसीकलां में हुई एक गाय की मौत के मामले में एक ग्रामीण ने गांव के ही दो लोगों पर गाय के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया, जिसके बाद पुलिस ने गाय का पोस्टमार्टम कराने की बात की, किंतु ग्रामीणों ने पोस्टमार्टम होने से पूर्व ही गाय का दफना कर अंतिम संस्कार कर दिया। क्षेत्र के गांव बसीकलां निवासी मोमीन की गाय लंपी बीमारी से पीड़ित थी। उसने बृहस्पतिवार को गाय को खुले में छोड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गाय गांव के ही खालिद के खेत में चली गई, जिसके बाद खालिद ने गाय को खेत से बाहर निकाल दिया और मोमीन से कहा कि वह अपनी गाय ले जाए, जिसके बाद मोमीन गाय को लेकर अपने घर आ गया, जहां उसकी मौत हो गई। इसी दौरान गांव के ही शुएब ने तहरीर देकर खालिद व समीर के विरुद्ध गाय के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया तथा बताया कि मारपीट करने के बाद ही गाय की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गाय का पोस्टमार्टम कराने की बात कही। ग्रामीणों ने बताया कि गाय की मारपीट करने के बाद मौत होने की सूचना पर हिन्दू संगठन के लोग गांव में पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पूर्व ही शुएब का दूसरे पक्ष से समझौता हो गया, जिसके बाद हिन्दू संगठन के लोगों ने गाय को दबवा कर अंतिम संस्कार करने की बात कही, जिसके बाद मोमीन ने गाय को अपने खाली पड़े प्लाट में दबवाकर अंतिम संस्कार करा दिया। शाम के समय पशु चिकिसाधिकारी वैभव आर्य व जिला स्तर से गठित टीम गांव में पहुंची। गाय का अंतिम संस्कार होने के बाद टीम ने पोस्टमार्टम करने से मना कर दिया और वापस चली गई। टीम ने बताया कि गाय का अंतिम संस्कार होने से पोस्टमार्टम की रिपोर्ट ठीक नहीं आएगी। टीम ने बताया कि वह इस सम्बंध में अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। उनके निर्देश के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## निराश्रित गोवंश संरक्षण कार्यो की सुरक्षा बैठक विकास भवन सभागार में हुई





**मुजफ्फरनगर, 03 सितंबर (बुस.)।** प्रदेश गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल, एवं उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल की अध्यक्षता में निराश्रित गोवंश संरक्षण कार्यो की सुरक्षा बैठक विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपाध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश के यशस्वी एवं लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के दूरदर्शी एवं कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार "गो सेवा" को केवल सांस्कृतिक दायित्व नहीं, बल्कि माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार एक पवित्र एवं सतत कार्य के रूप में स्वीकार करते हुए सतत कार्य कर रही है। राज्य सरकार द्वारा निराश्रित एवं असहाय गोवंश के संरक्षण एवं वृहदायामी देखभाल के लिए व्यापक एवं बहु-आयामी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम प्रदेश भर में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे है। उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है, जहाँ निराश्रित गोवंश के भरण-पोषण के लिए सरकार द्वारा 50 रुपए प्रतिदिन की दर से भरण-पोषण की धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। इससे पूर्व गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महेश शुक्ला ने आज तुगलकपुर कमहेड़ा स्थित काऊ सेंचुरी में भ्रमण व निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनका स्वागत काऊ सेंचुरी के अध्यक्ष विपुल भटनागर व सचिव अंकित संगल ने किया। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी गो-संरक्षण नीति के अन्तर्गत वर्तमान में राज्य के विभिन्न जनपदों में 7,700 से अधिक गो आश्रय स्थल सक्रिय रूप से संचालित हो रहे है। इन आश्रय स्थलों में 16 लाख से अधिक निराश्रित गोवंश को सुरक्षित आवास, नियमित आहार, स्वास्थ्य देखभाल तथा आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। यह व्यवस्था न केवल गोवंश संरक्षण को सुनिश्चित कर रही है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं सामाजिक संतुलन को भी सुदृढ़ कर रही है। गौशालाओं के प्रभावी संचालन एवं पारदर्शिता करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा गौशालाओं में सी.सी.टी.वी. कैमरे स्थापित किए गये है। इस योजना के अन्तर्गत अब तक 1,87,065 गोवंश इच्छुक एवं जिम्मेदार गोपालकों को सुपुर्द किये गये है। जनपद में जिला प्रशासन द्वारा गो संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में जनपद में कुल 23 गो आश्रय स्थल क्रियाशील है, जिनमें 6194 गोवंश का संरक्षण एवं पालन किया जा रहा है। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गौशाला में क्षमता के अनुसार गौ वंशों को रखा जाए। नंदी, गर्भवती गाय, गाए के बच्चे को अलग-अलग रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन गौशाला में वृक्ष नहीं लगे हैं,उन सभी गौ शालाओं में मां व गुरु के नाम से पेड़ लगाकर वृक्षारोपण किया जाए। गौशालाओं में भूसा भंडारण, हरे चारे, पीने के पानी, की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित रहें। उन्होंने कहा कि किसी गोवंश व नंदी से न बांधी जाए। कोई भी गोवंश सड़क पर घूमता हुआ ना दिखाई दे,उसको गौशाला में शिफ्ट कराना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जितेंद्र गुप्ता, तहसीलदार, जिला कृषि अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## किड्स हैवन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, दही-हांडी फोड़कर झूमे विद्यार्थी



**चरथावल, 03 सितम्बर (बु.)।** कस्बे के रोहाना मार्ग पर स्थित किड्स हैवन पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्यों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष कुमार ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में किंडरगार्डन एवं कक्षा तीन के विद्यार्थियों ने नटखट बंसी वाले की मधुर धुन पर श्रीकृष्ण जन्म की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। झांकी में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर वासुदेव द्वारा उन्हें यमुना नदी पार कर सुरक्षित गोकुल पहुंचाने की कथा को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसके बाद किसी ने मेरा श्याम देखा, तेरा रंग काला क्यों एवं राधिका गोरी से जैसे भजनों पर किंडरगार्डन तथा कक्षा एक एवं दो के विद्यार्थियों ने शानदार नृत्य प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की सुंदर वेशभूषा, मासूम अदाओं और मनमोहक नृत्य से पूरा विद्यालय परिसर भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दही-हांडी फोड़ रहा। भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से प्रेरित इस आयोजन में कक्षा छह के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पिरामिड बनाया। इसके बाद कान्हा वैभव उपाध्याय, कक्षा दो तथा भव्यंक, कक्षा छह ने दही और मक्खन से भरी हांडी फोड़ी। हांडी फूटते ही विद्यालय प्रांगण तालियों और जयकारों से गूंज उठा। शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया। विद्यालय की संस्थापिका सुनीता धीमान ने कहा कि विद्यालय का वातावरण देखकर ऐसा लग रहा है जैसे पूरा विद्यालय ही गोकुल धाम बन गया हो। प्रबंधक सत्य प्रकाश धीमान ने श्रीमद्भगवद्गीता के प्रसिद्ध श्लोक कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को समझाया कि मनुष्य का अधिकार केवल अपने कर्म करने पर है। विद्यालय अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार ने भी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का सफल संचालन काजल शर्मा ने किया, जबकि शानदार कोरियोग्राफी पूनम सिंघल ने की। कार्यक्रम की साज-सज्जा, क्राफ्ट वर्क एवं स्टेज डेकोरेशन का कार्य तनु धीमान, फरहत त्यागी एवं मेघा धीमान ने संभाला। कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय कोऑर्डिनेटर सविता धीमान द्वारा किया गया। इस अवसर पर अमित कौशिक, मंजर अली, उमंग भारद्वाज, कपिल कुमार, हर्षित सैनी, अमित पुंडीर, अंकुश शर्मा, कहकसा त्यागी, रिकी, रीसा सैनी, माही शर्मा, हिना चौधरी, शमा परवीन, रेनू शर्मा, नेहा देशवाल, लक्ष्मी विश्वकर्मा, मीनाक्षी शर्मा, पूजा सिंघल, मोनिका पुंडीर, गुंजन सैनी, रीना, मुस्कान शर्मा, हिमांशी पाल, नीतू चौधरी, दिव्यांशी शर्मा, महेश कुमार, कृतिका धीमान, निशा, तनुष्का त्यागी, वंशी, फायजा, सौरभ कुमार, हिमांशु एवं हिमांशु पाल सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## बाल गोपाल से लेकर राधा-कृष्ण तक, जन्माष्टमी पर बच्चों ने बिखेरी भक्ति की छटा

**चरथावल, 03 सितम्बर (बु.)।** कस्बे के बाजार कला में गांधी बालिका इंटर कॉलेज के पास स्थित सनशाइन एकेडमी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।नन्हे-मुन्ने बच्चे बाल गोपाल, राधा-कृष्ण, बलराम और सुदामा की वेशभूषा में सजकर विद्यालय पहुंचे। बच्चों ने आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। श्रीकृष्ण की लीलाओं के मंचन के साथ बच्चों ने मटकी फोड़ने की प्रस्तुति भी दी। इसके बाद एक-दूसरे को माखन-मिश्री खिलाकर जन्माष्टमी की खुशियां मनाईं। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने बच्चों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में आठवां अवतार लिया था और इसी की स्मृति में जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय के प्रबंधक अभिषेक बंसल एवं प्रधानाचार्या रचना जैन ने सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं।



# थोक में सस्ती पर रिटेल में अभी भी महंगी चीनी

▶▶ चीनी मिल डिलीवरी रेट 5000 रुपए प्रति क्विंटल पर आया

▶▶ महाराष्ट्र में चीनी मिल रेट 4400 रुपए, वहां से आएगी चीनी

▶▶ रिटेल में अभी भी 60 रुपए, मुनाफाखोरों के आगे बेबस

▶▶ सरकार मुनाफाखोर दाम बढ़ा तो एकदम देते हैं, घटाने में जोर पड़ता है

**मुजफ्फरनगर, 3 सितंबर (बु.)।** रक्षाबंधन बीत गया और श्रीकृष्णजन्माष्टमी सिर पर है। सरकार के तमाम आदेशों और उपायों के बावजूद मुनाफाखोर चीनी के दाम पर कोई राहत देने को तैयार नहीं हैं। थोक बाजार में दाम घटने के बावजूद बाजार में खुले में चीनी अभी भी 60 से 62 रुपए तक बेची जा रही है। महाराष्ट्र में चीनी के दाम कम होने के कारण अब वहां से चीनी लाने पर व्यापारी जोर दे रहे हैं।

चीनी की बढ़ती कीमतों पर सरकार के हस्तक्षेप का असर अब थोक बाजार में दिखाई देने लगा है। सूत्रों के मुताबिक, मिलों से निकलने वाली चीनी के मिल डिलीवरी रेट 5000 प्रति कुंतल पर आ गए हैं। महाराष्ट्र में चीनी के मिल डिलीवरी रेट 4400 रुपए हैं। 18 अगस्त को यह कीमत 67 रुपये प्रति किलो के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी। हालांकि मिल भाव में बड़ी गिरावट के बावजूद इसका लाभ अभी आम उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचा है।



रिटेलर अभी दाम घटाने को तैयार नहीं हैं। बहाना यह है कि उनके पास पहले से महंगा खरीदा माल रखा है। हालांकि सवाल यह भी है कि जब रेट बढ़े थे तब तो पहले से रखा सस्ता माल उन्होंने कम रेट पर नहीं दिया। अब दाम घटाने के नाम पर बहाने बाजी चल रही है। इससे लगता है कि जन्माष्टमी पर भी चीनी के दामों में कोई राहत नहीं मिल पाएगी। अब व्यापारी महाराष्ट्र से चीनी मंगाने की तैयारी कर रहे हैं।

चीनी व्यापारी अरुण खंडेलवाल का कहना है कि देश में चीनी मिलों के एक्स-मिल (मिल स्तर) भाव घटकर करीब चीनी मिल डिलीवरी रेट 5,000 प्रति क्विंटल पर आ गए हैं। महाराष्ट्र में मिल रेट 4400 रुपए होने के कारण थोक बाजार में चीनी के दाम काफी कम हो चुकी है। हालांकि यूपी में अभी थोक बाजार महंगा चल रहा है। यहां थोक में चीनी का रेट 54-55 सौ रुपए प्रति कुंतल है। उनका कहना है कि हाल ही में सरकारी हस्तक्षेप के बाद मिल दरों में लगभग 30% तक की गिरावट आई है। थोक बाजार में कीमतें लगभग 53 प्रति किलो के बीच हैं। मिल स्तर पर दाम घटने के बावजूद खुदरा बाजार में चीनी अभी भी औसतन 60 रुपए प्रति किलो तक बिक रही है, क्योंकि दुकानदारों के पास पुराना महंगा स्टॉक है। उद्योग सूत्रों का कहना है कि मिल भाव में बदलाव का असर खुदरा बाजार में आने में कम से कम 10 दिन लग सकते हैं। इसकी प्रमुख वजह दुकानदारों के पास पहले से मौजूद महंगा स्टॉक है। पुराना स्टॉक निकलने के बाद खुदरा कीमतों में भी नरमी आने की उम्मीद है। इससे साफ है कि मुनाफाखोर जन्माष्टमी पर चीनी के दाम नहीं घटाएंगे। हालांकि चीनी के आयात के साथ अब सरकार ने जमाखोरी रोकने के लिए स्टॉक लिमिट पर सरकार का बड़ा फैसला लेते हुए 15 सितंबर से चीनी कारोबारियों की स्टॉक लिमिट 4,000 से घटकर 2,000 क्विंटल कर दी है। नई सीमा 30 नवंबर 2026 तक लागू रहेगी। खरीदा गया स्टॉक 30 दिन से अधिक रखने पर रोक रहेगी। सरकार का मकसद जमाखोरी और सट्टेबाजी पर रोक लगाना है। ऐसे में चीनी सस्ती होनी चाहिए, लेकिन जमाखोर और मुनाफाखोर ऐसा नहीं होने दे रहे।

# पानीपत-खटीमा राजमार्ग पर डिवाईडर से टकराकर कार बाइक सवार के ऊपर पलटी, युवक की मौत

**मुजफ्फरनगर, 3 सितंबर (बु.)।** पानीपत-खटीमा राजमार्ग पर स्थित गांव पीनना बाईपास के निकट सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टक्कर लगने के बाद बाइक सवार युवक के ऊपर पलट गई, जिसके नीचे युवक दब गया। मौके से गुजर रहे राहगीरों और उसके साथियों ने कड़ी मशक्कत के बाद युवक को निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया, यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद युवक के साथियों ने जिला अस्पताल में शव गृह के बाहर हंगामा किया। मिली जानकारी के अनुसार कस्बा शाहपुर के गांव परासौली का रहने वाला 32 वर्षीय आशीष पुत्र प्रमोद कुमार ईंट भट्ठों पर श्रमिक आपूर्ति की ठेकेदारी करता था। गुरूवार की सुबह वह बाइक पर परासौली से चरथावल के गांव दधेडू जा रहा था। जैसे ही वह नगर कोतवाली क्षेत्र के पीनना बाईपास के निकट पहुंचा तो सड़क के दूसरी तरफ से तेज रफ्तार



कार डिवाइडर से टकराकर उसके ऊपर पलट गई, जिसके नीचे दबने से युवक आशीष गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके से गुजर रहे राहगीरों और उसके साथियों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे कार के नीचे से निकालकर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, यहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हादसे की जानकारी ली और दुर्घटना में क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया। दुर्घटना में मृतक आशीष के साथियों ने अस्पताल में हंगामा कर कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



## मथुरा में दरोगा ने माथे पर गोली मारकर जान दी

**मथुरा, 3 सितंबर (एजेंसी)।** एक दरोगा ने गुरुवार दोपहर खुद को गोली मारकर जान दे दी। उनका शव गोकुल बैराज के पास यमुना नदी किनारे वर्दी में मिला। पास में उनकी सर्विस पिस्टल पड़ी थी। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। दरोगा की शिनाख्त पंकज कुमार यादव (31) के रूप में हुई। वे मथुरा एसपी ट्रैफिक के पेशकार थे। 30 जून 2019 को नौकरी जॉइन की थी। पंकज की पत्नी दीप्ति सिपाही हैं। इस वक्त उनकी तैनाती मथुरा सदर थाने में है। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि पंकज ने आज ही अपनी सर्विस पिस्टल जारी कराई थी, जिससे उन्होंने खुद को आत्महत्या की। वह गुरुवार दोपहर ड्यूटी से घर गए थे। कुछ देर बाद वर्दी में घर से निकले और रास्ते में खुद को गोली मार ली। गोली उनके माथे के बीचों-बीच लगी थी। करीब 3:45 बजे राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। शुरूआती जांच में पारिवारिक विवाद की बात सामने आई है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। घटना की जानकारी मिलते ही पत्नी दीप्ति भी मौके पर पहुंचीं। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। दरोगा पंकज कुमार एटा जिले के पिलुआ थाना क्षेत्र के भोजपुर गांव के रहने वाले थे। वह मथुरा के दामोदरपुरा स्थित दाऊजीधाम कॉलोनी में परिवार के साथ रहते थे। परिवार में पत्नी दीप्ति, बेटी जीवा (3), मां और पिता राजवीर सिंह हैं, जो अमीन के पद से रिटायर्ड हैं। वह 3 भाइयों में सबसे छोटे थे। पंकज कॉलोनी में प्लॉट लेकर मकान बनवा रहे थे। बताया जा रहा है कि गुरुवार सुबह घर में विवाद हुआ था। इसके बाद उनकी मां नाराज होकर कहीं चली गईं। पत्नी दीप्ति उनकी तलाश कर रही थीं। इसी दौरान पंकज ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

## उत्तर प्रदेश में विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा 3 नवंबर को : 5 सितंबर से कर सकेंगे आवेदन

**लखनऊ, 3 सितंबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग (यूपीएसएससी) ने प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर के विशेष शिक्षकों के लिए स्पेशल टीईटी 2026 का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। ऑनलाइन आवेदन 5 सितंबर 2026 से शुरू होंगे। आखिरी तारीख 4 अक्टूबर 2026 है। फॉर्म में संशोधन की अंतिम तिथि 8 अक्टूबर 2026 है। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आयोग ने वन टाइम रजिस्ट्रेशन व्यवस्था लागू की है। अभ्यर्थियों को पहले डळफपूरा करना होगा, उसके बाद ही वे परीक्षा के लिए फॉर्म भर सकेंगे। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि परीक्षा 3 नवंबर 2026 को होगी। इस विशेष परीक्षा से करीब 62 हजार शिक्षकों, अनुदेशकों और संविदा पर काम कर रहे अन्य शिक्षकों को बड़ी राहत मिलेगी।

## अमेरिका में 1 डॉलर के सिक्के पर ट्रम्प की तस्वीर

**वाशिंगटन, 3 सितंबर (एजेंसी)।** अमेरिका ने अपनी स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ के मौके पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तस्वीर वाला 1 डॉलर का खास सिक्का जारी किया है। अमेरिकी मिंट ने बुधवार दोपहर 12 बजे इसकी बिक्री शुरू की। 1 सिक्के की कीमत 2.44 डॉलर यानी 230 रुपए तक रखी गई। 25 और 100 सिक्कों के पैक बिक्री के लिए जारी किए गए। बिक्री शुरू होने के सिर्फ 3 घंटे बाद ही सिक्के आउट ऑफ स्टॉक हो गए। सिक्के के एक तरफ ट्रम्प की तस्वीर है। इसके साथ 'IN GOD WE TRUST' और 'LIBERTY' लिखा है। दूसरी तरफ राष्ट्रपति की मुहर और अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ के लिए 250 लिखा गया है।



## केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी बोले- सभी राज्य बाइक टैक्सी को मंजूरी दें, 8 करोड़ रोजगार मिलेंगे

**नई दिल्ली, 3 सितंबर (एजेंसी)।** केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सभी राज्य सरकारों से बाइक टैक्सी को मंजूरी देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि निजी बाइक और स्कूटर से यात्रियों को ले जाने की सुविधा से खासकर ग्रामीण इलाकों में रोजगार के बड़े अवसर मिलेंगे। इससे करीब 8 करोड़ लोगों को रोजगार मिल सकता है। गडकरी ने बताया कि केंद्र ने बाइक टैक्सी की अनुमति दे दी है, लेकिन परिवहन राज्य का विषय होने के कारण कुछ राज्यों में अभी इसकी मंजूरी नहीं है। उन्होंने राज्यों से इसे मंजूरी देने की अपील की, ताकि लोगों को कमाई का नया जरिया मिल सके। गडकरी ने कहा कि सरकार बार-बार ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर सख्ती करेगी। इसके लिए मोटर व्हीकल एक्ट में बदलाव कर ड्राइवरों के लिए नेगेटिव पॉइंट सिस्टम लागू करने का प्रस्ताव है।



## बच्चे के ऊपर से गुजरी स्कूली बस, तड़प-तड़पकर मौत

**मवाना, 3 सितंबर (एजेंसी)।** मेरठ में गुरुवार सुबह करीब 8 बजे स्कूल बस की चपेट में आने से 3 साल के मासूम की मौत हो गई। बच्चा अपनी दादी के साथ बड़ी बहन को स्कूल बस में बैठाने गया था। इसी दौरान वह बस के पहिए के नीचे आ गया। लोगों ने शोर मचाकर बस रुकवाई। बच्चे को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परीक्षितगढ़ के बढ़ला गांव के रहने वाले प्रिंस चौधरी किसान हैं। उनके दो बच्चे 6 साल की बेटी जसवीर और 3 साल का बेटा नवनीत थे। जसवीर भावना इंटरनेशनल स्कूल में एलकेजी क्लास में पढ़ती है। स्कूल बस रोज उसे लेने गांव आती है। गुरुवार सुबह करीब 8 बजे दादी उर्मिला देवी पोती जसवीर को बस में बैठाने गांव के बाहर सड़क पर पहुंचीं। नवनीत भी उनके साथ था। दादी ने नवनीत को सड़क किनारे खड़ा किया और पोती को बस में बैठाने चली गईं। जसवीर के बस में बैठने के बाद ड्राइवर ने बस चला दी। नवनीत भी बस के पीछे चल पड़ा। वह बस के अगले पहिए की चपेट में आ गया। लोगों ने शोर मचाया तो ड्राइवर ने बस रोक दी। तब तक नवनीत बस के नीचे आ चुका था और उसकी मौत हो गई।

## मुजफ्फरनगर के डॉ. विक्रांत सहित 26 सरकारी डॉक्टर बर्खास्त

**लखनऊ, 3 सितंबर (एजेंसी)।** डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक के कड़े निर्देश पर उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने लापरवाही बरतने और बिना सूचना ड्यूटी से गायब रहने वाले सरकारी डॉक्टरों के खिलाफ अब तक की सबसे सख्त कार्रवाई में 26 चिकित्सकों को नौकरी से हटा दिया गया है, जबकि 8 अन्य के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश जारी किए गए हैं। सरकार ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता या बिना सूचना ड्यूटी से अनुपस्थित रहना स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**बर्खास्त किए गए 26 डॉक्टरों की सूची में मुजफ्फरनगर के डॉ. कुंवर विक्रांत शामिल हैं।** डॉ. स्वदेश कुमार - सीएचसी कायमगंज, फिरोजाबाद, डॉ. वीरेंद्र सिंह - अलीगढ़, डॉ. स्वाती विश्वकर्मा (स्त्री रोग विभाग) - गाजीपुर, डॉ. बृजेश यादव (रेडियोलॉजिस्ट) - हरदोई, डॉ. ईशान दीक्षित (ईएनटी सर्जन) - महोबा, डॉ. स्वाती आनंद - बुलंदशहर, डॉ. मनोज कुमार चौरसिया - सिविल हॉस्पिटल, लखनऊ, डॉ. मो. उताउर रहमान - पीएचसी बावन, हरदोई, डॉ. मनीष खन्ना - पीएचसी भटपुर, डॉ. अक्षय लेले - बलरामपुर, डॉ. राकेश फौजदार (जनरल सर्जन) - सीएचसी गोवर्धन, मथुरा, डॉ. नरेंद्र कुमार जायसवाल (जनरल सर्जन) - मीरजापुर, डॉ. निशा बुंदेला - सीएचसी बबीना, झांसी, डॉ. अचल सिंह - गाजीपुर, डॉ. शशांक वर्मा - बरेली, डॉ. विशाल कुमार सिंह - पीएचसी ब्रहम्हपुर, गोरखपुर, डॉ. इन्द्रजीत सिंह - सीएचसी गंगोह, सहारनपुर, डॉ. मोहम्मद शबाब खान - मुरादाबाद, डॉ. राजेश कुमार सिंह - चन्दौली, डॉ. मुजफर अली - मुरादाबाद, डॉ. कृष्ण मुरारी द्विवेदी - मैनपुरी, डॉ. फरयाद हुसैन - मुरादाबाद, डॉ. तनवीर फरीदी - मऊ, डॉ. आशुतोष शुक्ला - पीएचसी लोकनाथपुर, सुलतानपुर, डॉ. सुशील कुमार खरवार - पीएचसी अमनाईकपुर।

**विभागीय कार्रवाई के दायरे में 8 डॉक्टर आए।** इन डॉक्टरों के खिलाफ चिकित्सीय दायित्वों में लापरवाही बरतने के आरोपों की जांच के लिए विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इनमें डॉ. के.के. चहल - रामपुर, डॉ. संगीता चोपड़ा - मेरठ, डॉ. अवधेश राठौर - सीएचसी कादरचौक, बदायूं, डॉ. संतोष चक - भदोही, डॉ. सुमित कुमार - बलरामपुर, डॉ. धीरज प्रकाश - भदोही, डॉ. अरविन्द मलिक - गौतमबुद्ध नगर, डॉ. असद - गौतमबुद्ध नगर शामिल हैं।

## ट्रक गंग नहर में गिरा, पंद्रह लाख रुपये का पेंट बहा

**मुजफ्फरनगर, 3 सितंबर (बु.)।** खतौली के रास्ते सहारनपुर जा रहा पेंट से लदा ट्रक अयंत्रित होकर गंग नहर में गिर जाने से करीब पंद्रह लाख का पेंट बह गया। बताया गया है कि खतौली में बृहस्पतिवार सुबह पेंट से लदा एक डीसीएम अनियंत्रित होकर गंग नहर में जा गिरा। हादसे में डीसीएम में लदा करीब 15 लाख रुपये कीमत का पेंट नहर में समा गया। चालक और उसके भाई ने वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। मोदीनगर निवासी चालक नकुल अपने भाई मोहन के साथ डीसीएम में गाजियाबाद से पेंट लेकर सहारनपुर जा रहा था। सुबह करीब चार बजे नेशनल हाईवे पुल के पास किसी अन्य वाहन को बचाने के प्रयास में डीसीएम अनियंत्रित हो गया और गंग नहर पटरी से फिसलकर नहर में जा गिरा। दोनों भाइयों ने समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचा ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। डीसीएम को नहर से बाहर निकालने के लिए दो क्रेन की मदद ली जा रही है।

## सड़क हादसे में मुजफ्फरनगर निवासी हेड कांस्टेबल की मौत

**ग्रेटर नोएडा, 3 सितंबर (एजेंसी)।** ग्रेटर नोएडा में नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के जीरो प्वाइंट पर सड़क हादसे में हेड कांस्टेबल राजपाल सिंह की मौत हो गई। ड्यूटी के दौरान सड़क पार करते समय तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल हालत में उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मूलरूप से मुजफ्फरनगर के दतियाना गांव निवासी राजपाल सिंह नॉलेज पार्क थाने में पिछले करीब तीन वर्षों से तैनात थे। बुधवार रात उनकी ड्यूटी जीरो प्वाइंट पर थी। रात करीब 10 बजे वह सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार में आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल हेड कांस्टेबल को अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।



# इमाम के कमरे का ताला तोड़कर लाखों की चोरी, सोने के जेवर और ढ़ाई लाख की नकदी ले गए चोर

▶ मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू की ▶ शाहपुर के नगर पंचायत चेयरमैन अकरम कुरैशी ने भी मामले की जानकारी ली

**शाहपुर, 03 सितम्बर (बु.)।** कस्बा शाहपुर में गुरुवार सुबह चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौहल्ला कस्सावान स्थित माता वाली गली में नूर मस्जिद परिसर में इमाम के कमरे का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने-चांदी के जेवरात और लाखों रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार नूर मस्जिद में पिछले काफी समय से हाफिज नौशाद पुत्र अनीश निवासी पुरबालियान इमामत कर रहे हैं। वह मस्जिद में छोटे बच्चों को पढ़ाने का कार्य भी करते हैं। बताया गया कि गुरुवार सुबह बच्चों की छुट्टी करने के बाद हाफिज नौशाद किसी जरूरी काम से बाजार चले गए थे। कुछ समय बाद जब वह वापस मस्जिद पहुंचे, तो उनके कमरे के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। कमरे के अंदर पहुंचने पर अलमारी खुली मिली और उसका सामान फर्श पर बिखरा पड़ा था। यह देखकर हाफिज नौशाद के होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल आसपास रहने वाले लोगों को घटना की जानकारी दी और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही 112 पुलिस टीम एवं कस्बा चौकी प्रभारी राहुल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। हाफिज नौशाद ने पुलिस को बताया कि अलमारी में करीब पांच तोले सोने के जेवरात और ढाई



लाख रुपये की नकदी रखी हुई थी। उनके अनुसार चोर सोने के जेवरात और नकदी के अलावा चांदी की पायल, कंगन सहित अन्य सामान भी चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने हाफिज नौशाद से पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा पुलिस टीम को मामले की जांच के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्र में जानकारी जुटाने के साथ ही घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच की जा रही है। हालांकि, मस्जिद और उसके आसपास पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे उपलब्ध नहीं होने के कारण पुलिस के सामने घटना का खुलासा करना चुनौती बना हुआ है। पुलिस आसपास के प्रतिष्ठानों एवं संभावित स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने का प्रयास कर रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि आसपास सीसीटीवी कैमरे नहीं होने के कारण पुलिस को जांच में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की छानबीन में जुटी हुई है। सुबह के समय मस्जिद परिसर में हुई चोरी की इस घटना से मोहल्ले और आसपास के लोगों में भी चिंता का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से घटना का जल्द खुलासा कर चोरी गए सामान की बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।





शाहपुर में मकान का टूटा पड़ा ताला व जांच करने पहुंची पुलिस।

# होर्डिंग विवाद में भाजपा नेता राजेश गोयल, प्रिंटिंग प्रेस संचालक गौरव जैन को 20-20 हजार के मुचलके पर छोड़ा

**मुजफ्फरनगर, 03 सितम्बर (बु.)।** नगर के भोपा रोड पर विवादित होर्डिंग को लेकर सपा और भाजपा नेताओं के बीच शुरू हुआ राजनीतिक विवाद गुरुवार को थाने तक पहुंच गया। बीती देर रात सपा नेताओं द्वारा होर्डिंग फाड़े जाने के बाद नई मंडी पुलिस ने गुरुवार शाम करीब 4 बजे दोनों पक्षों को थाने बुलाया। पुलिस ने मामले में सपा नेता गौरव जैन, होर्डिंग लगाने वाले भाजपा नेता एवं समाजसेवी राजेश गोयल और होर्डिंग की प्रिंटिंग करने वाले प्रेस संचालक के खिलाफ धारा 170 बीएनएस के तहत कार्रवाई की। तीनों को 20-20 हजार रुपए के मुचलके से पाबंद कर थाने से छोड़ दिया गया। भोपा रोड पर लगाए गए होर्डिंग को लेकर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने आपत्ति जताई थी। सपा नेताओं का आरोप था कि होर्डिंग के जरिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और इंडिया गठबंधन से जुड़े नेताओं को राष्ट्रविरोधी बताने वाला प्रचार किया गया है। इसके विरोध में बीती रात सपा नेता गौरव जैन, सलमान त्यागी समेत कई कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और होर्डिंग फाड़ दिया। सूचना पर नई मंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद गुरुवार को दोनों पक्षों को थाने बुलाकर पूरे मामले पर बातचीत की गई। सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी



ने आरोप लगाया कि शहर का माहौल खराब करने के उद्देश्य से ऐसे पोस्टर और होर्डिंग लगाए जा रहे हैं, जिनमें विपक्षी नेताओं को राष्ट्र-विरोधी बताने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विचारधारा को लेकर असहमति हो सकती है, लेकिन किसी राजनीतिक दल या नेता को राष्ट्रविरोधी बताकर प्रचार करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस तरह के पोस्टर लगाए गए, तो समाजवादी पार्टी लोकतांत्रिक और कानूनी तरीके से विरोध करेगी। होर्डिंग लगाने वाले भाजपा नेता एवं समाजसेवी राजेश गोयल ने कहा कि उनके लगाए पोस्टर पर एक राजनीतिक दल ने आपत्ति जताई और उसे फाड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि पोस्टर में भारत माता का चित्र भी था और उसके फाड़े जाने से उन्हें दुःख पहुंचा है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर बातचीत कराई। इसके बाद मुचलका पाबंद करने की कार्रवाई कर सभी को छोड़ दिया गया। नई मंडी थाने से लौटने के बाद गौरव जैन और उनके साथियों के सपा कार्यालय पहुंचने पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से स्वागत किया।

# रुपहले परिधानों में इठलाएंगे लड्डू गोपाल और बाल कृष्ण व राधा

**मुजफ्फरनगर।** जन्माष्टमी को लेकर तमाम जगह उत्साह है। जन्माष्टमी को लेकर शहर के बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। पिछले दो-तीन दिन बाजार में ग्राहकों की संख्या कम रही। हालांकि बुधवार शाम से जन्माष्टमी की खरीदारी के लिए ग्राहक बाजार पहुंचने लगे, जिससे दुकानों पर चहल-पहल बढ़ गई। बाजार में आज जमकर खरीदारी चली। लड्डू गोपाल को श्रृंगार कर सजाने के लिए करीब एक माह से चल रही तैयारियां आज अंतिम दौर में पहुंच गईं। जन्माष्टमी को लेकर लड्डू गोपाल, कान्हाजी, राधा-कृष्ण और युगल जोड़ी की पोशाकों की मांग है। दुकानों पर भगवान के वस्त्रों के साथ उनके मुकुट, झूले, सिंहासन और अन्य श्रृंगार से जुड़ी छोटी-बड़ी वस्तुओं की जमकर खरीदारी हुई। ठाकुरजी की पोशाकों की रेंज ग्राहक की पसंद और डिजाइन के हिसाब से है। बाजार में 50 रुपए से लेकर 1 हजार रुपए तक की पोशाकें और करीब 100 रुपए से लेकर 2 हजार रुपए तक की श्रृंगार की अन्य सामग्री की रेंज उपलब्ध थी। व्यापारियों के अनुसार जन्माष्टमी पर इस बार अलग तरह की कोटियां और थ्री-पीस ड्रेस ग्राहकों को पसंद आ रही हैं। इनमें पगड़ी, उसके साथ कमीज और मैचिंग पोशाक शामिल है। ग्राहकों की डिमांड के हिसाब से दुकानदारों ने भी अलग-अलग डिजाइन और रंगों की पोशाकें मंगाई हैं। जन्माष्टमी पर बच्चों को कान्हा की तरह सजाने के लिए कृष्ण और राधा जी की वेशभूषा की भी खूब खरीदारी हुई। बाजार में बच्चों के लिए अलग-अलग डिजाइन और रंगों में कपड़े, पगड़ी और अन्य श्रृंगार सामग्री उपलब्ध है। अभिभावक इन पोशाकों को काफी पसंद कर रहे हैं और जन्माष्टमी से पहले इनकी डिमांड बढ़ गई है। स्कूलों में जन्माष्टमी के आयोजनों में बाल कृष्ण के जन्मोत्सव पर सजे धजे कान्हा और राधा आकर्षण का केंद्र बने रहे। कल भी रुपहले परिधानों में बाल कृष्ण और राधा रानी इठलाते दिखेंगे।

# भारी पुलिसबल की मौजूदगी में वंश का अंतिम संस्कार

▶ भोपा पहुंचे यशवीर महाराज ने की आरोपियों के एनकाउंटर की मांग

**भोपा, 03 सितम्बर (बु.)।** भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलड़ा में आयोजित मेले में हुए झगड़े के बाद कुछ आरोपियों द्वारा पीछा किए जाने पर गंग नहर में कूदे वंश कश्यप की मौत के मामले में अफवाहों के बीच पुलिस की कड़ी सुरक्षा में मृतक वंश कश्यप का अंतिम संस्कार तीर्थ नगरी शुक्रताल के श्मशान घाट पर किया गया। इससे पूर्व मृतक के शोक संतृप्त परिवार के बीच पहुंचे यशवीर महाराज ने आरोपियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर उनका एनकाउंटर करने और परिवार की सहायता हेतु अन्य मांग रखी। वहीं मामले में भोपा पुलिस ने कड़ी कार्यवाही करते हुए सातवें आरोपी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलड़ा में आयोजित मेले में झगड़े के बाद भोपा निवासी तीन युवक आरोपियों द्वारा पीछा किए जाने के बाद गंग नहर में कूद गए थे, जिनमें से एक युवक वंश कश्यप की डूबने से मौत हो गई थी।



बीते बुधवार को देर शाम वंश कश्यप का शव भोपा गंग नहर पुल से थोड़ा आगे बरामद किया गया था, जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वंश कश्यप का शव बरामद होने के बाद परिजनों के साथ भोपा थाने पर पहुंची सैकड़ों महिलाओं ने भोपा थाने पर जबरदस्त हंगामा करते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की थी। गुरुवार को भोपा पुलिस ने अन्य थानों की फोर्स के साथ सुबह से ही सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी थी। लगभग नौ बजे मृतक वंश कश्यप का शव उसके निजी आवास पर पहुंचा, तो परिजनों में हाहाकार मच गया और माता मौसम देवी, बहन कोमल, प्रीति व वंशिका की चीत्कार देख पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया। पीड़ित परिवार के आवास पर पहुंचे यशवीर महाराज ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा, सीओ भोपा लक्ष्मण वर्मा और थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार पर विश्वास जताते हुए कहा कि आरोपियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। वहीं उन्होंने मांग की कि मामले में जो आरोपी पकड़ से बाहर है, उनका एनकाउंटर हो। सरकार से यशवीर महाराज ने पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए की आर्थिक मदद और टूटे मकान की मरम्मत व योग्यतानुसार परिवार की एक बेटी की नौकरी की मांग की, जिसके बाद हजारों लोगों की मौजूदगी में शव को अंतिम संस्कार के लिए शुक्रताल स्थित श्मशान घाट पर ले जाता गया, जहां पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच वंश कश्यप का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी रश्मि लांबा, नायब तहसीलदार बृजेश कुमार, सीओ लक्ष्मण सिंह वर्मा, सामाजिक न्याय पार्टी के सुनील पांचाल, बब्बू राठी, तरुण कुमार, रूपेश कुमार, अरविंद वालिया, नीरज, अजय, कृष्णपाल, कुलदीप, विनोद गुर्जर, शेखर, संजीव, शंकर कश्यप आदि मौजूद रहे। वहीं विधायक और सांसद की गैर मौजूदगी लोगों में चर्चा का विषय रही। क्षेत्राधिकारी लक्ष्मण सिंह वर्मा ने बताया कि फरार अभियुक्त अल्ताफ उर्फ भूरा निवासी बेलड़ा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में दबिश दी जा रही है।



कृष्ण जन्माष्टमी पर आकर्षक ढंग से सजा गोलोक धाम मंदिर



# रैली में पहली बार जयंत चौधरी पत्नी-बेटी संग पहुंचे:बुजुर्ग सीट से खड़े होकर खुशी से नाचे; सहारनपुर में बोले- योगी किसानों के लिए नरम

**सहारनपुर, 3 सितंबर (एजेंसी)।** गुरुवार को रालोद की स्वाभिमान रैली हुई। रैली में पहली बार जयंत पत्नी चारू चौधरी और बेटी सायरा के साथ पहुंचे। चारू चौधरी लाल रंग की काले बॉर्डर वाली साड़ी में, जबकि बेटी गुलाबी और नारंगी रंग के सूट में नजर आई। जयंत के परिवार के साथ पहुंचते ही कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ गया। समर्थकों ने नारे लगाकर उनका स्वागत किया। पंडाल में स्वागत गीत बजाए गए। इसी दौरान एक बुजुर्ग अपनी सीट से खड़े हो गए और खुशी से नाचने लगे। रैली को संबोधित करने के दौरान जयंत चौधरी ने सपा और विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जिक्र करते हुए कहा कि सत्ता और व्यवस्था के खिलाफ खड़े होने वालों के लिए योगी बेहद सख्त हैं। लेकिन, किसान के लिए उनका दिल बेहद नरम है। जब विधायक गन्ने के रेट और किसानों से जुड़े मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री से मिलते हैं, तो वह कहते हैं कि 'मैं भी किसान हूं।' गोचर कृषि इंटर कॉलेज मैदान में हुई रैली के लिए बड़ा पंडाल लगाया गया। 7 से 8 हजार लोग रैली स्थल पर मौजूद रहे। जयंत



ने कहा- किसानों और किसानी का विरोध करते-करते समाजवादी लोग अब चौधरी अजित सिंह का भी विरोध करने लगे हैं। किसान को यह पहचानने की जरूरत है कि उसका हिमायती और पक्षधर कौन है। किसान बहुमत में है। उसके बल पर सरकारें बनती-बिगड़ती हैं। लेकिन, देश की कठोर हकीकत यह है कि राजनीतिक गलियारों में किसान की लॉबी कमजोर है। यही वजह है कि किसान को अपना वकील मजबूत चुनना होगा।

**गन्ने में विपक्ष को रसगुल्ला दिखाई दे रहा है**

गन्ने के मुद्दे पर जयंत ने विपक्ष को घेरा। कहा- विपक्ष में रहकर ऐसी बातें कही जाती हैं, जिनसे 4 वोट ज्यादा मिल जाएं। लेकिन, गन्ने के मुद्दे पर बात करने को वे तैयार नहीं हैं। इसका कारण शायद यह है कि उन्हें अभी भी रसगुल्ला दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे पर विपक्ष को चिट्ठी भी लिखेंगे। अगर वे राजी हुए तो एक अच्छा रसगुल्ले का पैकेट लखनऊ भी भेजेंगे। जयंत चौधरी ने कहा- किसानों की आय बढ़ाने और रोजगार के नए अवसर पैदा करने के लिए युवाओं को पारंपरिक काम के साथ नए क्षेत्रों से जोड़ना जरूरी है। स्टार्टअप नई संभावनाओं से जुड़ा बड़ा क्षेत्र है। पिछले साल देश में डीपीआईटी से पंजीकृत करीब 55 हजार नए स्टार्टअप शुरू हुए हैं।

**बिल क्लिंटन के बाद मेरा भी पत्थर लगेगा**

जयंत चौधरी ने कहा कि 320 बीघा जमीन पर गोचर महाविद्यालय का निर्माण हुआ है। मैं शिक्षा मंत्री भी हूं। युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास करूंगा। इस जमीन पर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन भी आए हैं। चाहे कितनी भी निधि लग जाए, यहां विकास का काम जारी रहेगा। बिल क्लिंटन के बाद मेरा भी पत्थर लगेगा।

**जयंत चौधरी ने एथनॉल के विरोध पर सपा को घेरा**

जयंत चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी एथनॉल का विरोध करते-करते चौधरी अजित सिंह का भी विरोध कर रही है। उन्होंने गुजरात के किसानों का उदाहरण देते हुए कहा कि जापान के साथ मिलकर देश में कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) की करीब एक हजार यूनिट लगाने की योजना पर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि इन प्लांट में सड़क किनारे फेंके जाने वाले आलू, खेतों में जलाई जाने वाली पराली और मिट्टी जैसे बायप्रोडक्ट का इस्तेमाल किया जा सकता है। इनसे गैस तैयार की जा सकेगी। जयंत चौधरी ने कहा कि इससे किसानों को सस्ती खाद भी मिल सकेगी। ऐसी नीतियों का फायदा किसान और देश, दोनों को मिलेगा।

**गन्ना किसानों को लेकर पीएम से बात हुई**

जयंत चौधरी ने कहा कि देश बहुत कठिन दौर से गुजर रहा है। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी बैठक हुई है। उन्होंने गन्ना किसानों की स्थिति को लेकर भी प्रधानमंत्री से बात की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में गन्ने की फसल अच्छी हो रही है। गन्ने का उत्पादन 24 लाख टन से बढ़कर 34 लाख टन हो गया है। जयंत चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री से गन्ना नियंत्रण प्रणाली बनाने को लेकर भी बातचीत हुई है। उन्होंने कहा कि कोल्हू लगाने के लिए केंद्र सरकार की अनुमति लेनी पड़ती है। इस मुद्दे पर भी प्रधानमंत्री से बात की गई है।